हरिभूमि

जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार,6 मार्च 2024

तापमान

अधिकतम 20.7 डिग्री
न्यूनतम 5.8 डिग्री

11 21 दिन से बंद चंडीगढ़-दिल्ली नेशनल हाइवे खुला

12 भगवान शिव को लगाया 56 भोग, 9 क्विंटल फल चढ़ाए गए

खबर संक्षेप

गुजरात में होगी टेटे प्रतियोगिता

अंबाला। ऑल इंडिया सिविल सेवा टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 14 मार्च तक सचिवालय जिमखाना, सैक्टर-21 गांधीनगर, गुजरात में करवाया जा रहा हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अधिकारी व कर्मचारियों का चयन 7 मार्च को जिला रोहतक में किया जाएगा। जो कार्यरत कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वे सभी 7 मार्च को जिला रोहतक में होने वाले ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं।

प्लाट में खड़े सफेदे के 70 पेड़ चोरी

यमुनानगर। जगाधरी-बिलासपुर रोड पर सब्बरवाल अस्पताल के पास प्लाट में खड़े सफेदे के 70 पेड़ काट कर चोरी कर लिए। पुलिस ने प्लाट मालिक की शिकातय पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

ट्रेन की चपेट में आने से रेल कर्मी की मौत

पानीपत। पानीपत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से पानीपत रेलवे स्टेशन पर नियुक्त इलेक्ट्रीशियन 26 वर्षीय मोहित निवासी गांव ब्राहमण माजरा, जिला पानीपत की मौत हो गई। मोहित, फॉल्ट ठीक करने जा रहा था।

अन्तरराज्यीय कार चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा लग्जरी कार सहित छह वाहन किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने अन्तरराज्यीय कार चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए लग्जरी कारें चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों दीपक खन्ना निवासी उत्तम नगर पश्चिमी दिल्ली व भूपिन्द्र सिंह निवासी मोती नगर पश्चिमी दिल्ली व गुरमीत सिंह निवासी किशोर नगर ताजपुर रोड थाना डिविजन लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार करके उनसे चोरीशुदा 6 लग्जरी कारे बरामद की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 9 फरवरी 2024 को पुलिस में दी अपनी शिकायत में अमन खुराना ने बताया कि 8 फरवरी को वह अपनी कार से अपने निजी काम से जयपुर गया था। रात को कार सेक्टर-4 कुरुक्षेत्र में अपने दोस्त के घर के सामने खड़ी कर दी थी। अगली सुबह उसके दोस्त को उसकी कार घर के सामने नहीं मिली। जिसको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच हैड कांस्टेबल राममेहर को दी गई। बाद में मामलों की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को दी गई। टीम ने लग्जरी कार चोरी करने के आरोपी गुरमीत सिंह को काबू कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके आगामी जांच के लिए 10 दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। आरोपी गुरमीत सिंह की पहचान पर गाड़ी चोरी करने के दोनों आरोपी दीपक खन्ना व भूपिन्द्र सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि आरोपी दीपक खन्ना पुत्र चमन लाल वासी उतम नगर पश्चिमी दिल्ली के खिलाफ दिल्ली में गाड़ी चोरी के करीब 6-7 दर्जन मामले दर्ज हैं। आरोपी दीपक जिला पंचकूला अदालत से भगौडा आरोपी घोषित है। इसके साथ ही आरोपी गुरमीत सिंह पुत्र कैर सिंह वासी किशोर नगर ताजपुर रोड थाना डिविजन लुधियाना पंजाब के खिलाफ भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

- बरामद गाड़ियों पानीपत, यमुनानगर आदि जिले से चोरी की गई थी

कुरुक्षेत्र। वाहन चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी व आरोपियों से बरामद कार। फोटो : हरिभूमि

टूल किट व चाबियां व अन्य औजार भी बरामद

आरोपियों से चोरीशुदा लग्जरी कारों सहित 6 कारें बरामद की गई। आरोपियों से बरामद कारों में स्कॉर्पियो, इनोवा, फार्चूनर आदि गाड़ियां शामिल हैं। आरोपियों से बरामद की गई गाड़ियों में 1 गाड़ी जिला पानीपत, 1 जिला यमुनानगर, 1 गाड़ी जिला करनाल व 1 गाड़ी सेक्टर-4 कुरुक्षेत्र से चोरी की गई थी तथा 2 गाडियां आई-20 व टोयोटा ईनोवा आरोपियों द्वारा वारदात में प्रयोग की गई थी। वारदात में प्रयोग किए गए स्कैनर मशीन, टूल किट व चाबियां व अन्य औजार भी बरामद किए गए।

कार स्कैनर की सहायता से करते थे चोरी

निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि आरोपी दीपक खन्ना वासी उतम नगर पश्चिमी दिल्ली लग्जरी गाडी का शीशा तोडकर कार स्कैनर की सहायता से गाडी को स्टार्ट करके चोरी करता था। आरोपी के पास टोयोटा कंपनी की गाडियों की मास्टर चाबी भी है। जिसकी सहायता से टोयोटा कंपनी की किसी भी गाडी को आसानी से खोलकर चोरी कर लेता था। चोरी करने के बाद आरोपी गाडी को ढाई-तीन लाख रुपये में आरोपी गुरमीत सिंह को बेच देता था। आरोपी गुरमीत गाडी को फाईनैंस की गाडी बताकर या दूसरे राज्यों असम व अरुणाचल प्रदेश आदी से गाडी का रजिस्ट्रेशन करवाकर महंगी कीमतों पर बेच देता था।

उत्कृष्ट सेवाएं करने वाली पचास महिलाएं सम्मानित

पानीपत। समाज की उत्कृष्ट सेवाएं करनी वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए सीटीएम टीनू व समाज सेविका कुमारी रंजीत कौशिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सीटीएम टीनू पोसवाल ने कहा है कि महिलाओं को सशक्त बनने के लिए अपनी ताकत को पहचानना होगा। इस दिशा में और कार्य करने की अभी आवश्यकता है। सरकार द्वारा आज हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान किया जा रहे हैं। इन अवसरों का लाभ उठाकर बहुत सी महिलाओं ने अपने जीवन के स्तर में काफी सुधार किया है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे बच्चों में अच्छे संस्कार डालें। वे आज अपने कार्यालय में महिला दिवस के उपलक्ष्य में फैला उजियारा संस्था की ओर से आयोजित सेमिनार में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। हमें और आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता है। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की 50 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उमंग के साथ भागीदारी की और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका को और मजबूत करने का प्रण लिया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष कुमारी रंजीत कौशिक ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं मजबूती के साथ खड़ी नहीं होंगी हालातो का मुकाबला करना असंभव है। इस मौके पर विभिन्न विभागों की महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार प्रकट किये। सेमिनार में शिक्षा विभाग, आंगनवाड़ी, श्रम विभाग और दर्जनो विभागों की महिलाएं उपस्थित रही।

- महिलाओं ने समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका को और मजबूत करने का प्रण लिया

नीली रावी नस्ल की भैंस ने दूध प्रतियोगिता में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

गांव मुर्तजापुर के प्रगतिशील पशु पालक यादविंद्र सिंह बाजवा की नीली रावी नस्ल की भैंस ने पंजाब के मोगा में हुई दूध प्रतियोगिता में इंडिया लेवल पर पहला स्थान हासिल किया है। पुरस्कार के रूप में पशुपालक बाजवा को ट्रैक्टर ईनाम में मिला है। यादविंद्र सिंह बाजवा ने बताया कि उनकी नीली रावी नस्ल की भैंस बागपरी ने 26 किलो दूध देकर रिकॉर्ड बनाया है। गांव में पहुंचने पर पशुपालक का ग्राम वासियों की ओर से जोरदार अभिनंदन किया गया। बाजवा ने बताया कि वे लंबे समय से नीली रावी नस्ल की भैंसों के नस्ल सुधार पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस नस्ल की भैंस पाकिस्तान क्षेत्र में ज्यादातर मिलती हैं। यह मुर्रा नस्ल को टक्कर देने वाली प्रजाति है। उनके फार्म पर इस नस्ल की दर्जनों भैंसें हैं। जो देश भर में विभिन्न मेलों में पुरस्कार जीत चुकी हैं। बागपरी पहली बार मेले में गई और उसने पहली बार में ही देश भर में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि उत्तम नस्ल के पशु पालकर भारी मुनाफा कमाया जा सकता है।

- पंजाब के मोगा में हुई दूध प्रतियोगिता में शामिल हुई थी भैंस

प्रगतिशील पशु पालक यादविंद्र सिंह बाजवा अपनी नीली रावी नस्ल की भैंस के साथ। फोटो : हरिभूमि

दो फर्म मालिकों ने पोर्टल का किया दुरूपयोग

यमुनानगर। खनन विभाग के पोर्टल का दुरूपयोग करके फर्जी परमिट चढ़ाने के आरोप में पुलिस ने दो फर्म मालिकों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार खान एवं भू विज्ञान विभाग हरियाणा द्वारा फर्जी खनिज की खरीद को रोकने के लिए 25 दिसंबर 2023 को नए पोर्टल को लागू किया गया था। गत 27 फरवरी को अधिकारियों द्वारा पोर्टल की जांच करते समय सामने आया कि मैसर्ज केसीसी बिल्डकोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी व मैसर्ज एसआर कंस्टक्शन कंपनी द्वारा फर्जी परमिट रजिस्टर पाए गए हैं। यह परमिट कार्यालय द्वारा जारी नहीं किए गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों फर्म मालिकों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, बिलासपुर थाने में तैनात एएसआई लखविंद्र सिंह का कहना है कि आरोपी फर्म मालिकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो रोडवेज कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन: सौदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा रोडवेज वर्क्स यूनियन (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) डिपो यमुनानगर के सदस्यों की मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के यमुनानगर डिपो प्रधान महिपाल सौदे ने की। बैठक का संचालन डिपो सचिव राजेश कांबोज ने किया। बैठक में रोड़वेज कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को पूरा नहीं करने पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई।

डिपो प्रधान महिपाल सौदे व नंदलाल कांबोज ने कहा कि जब से पंचकूला डिपो के महाप्रबंधक को यमुनानगर डिपो अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। तब से कर्मचारियों के काम नहीं हो रहे हैं। रोड़वेज कर्मचारियों का वेतन भी समय पर नहीं दिया जा रहा है।

आलम यह है कि अधिकांश रोड़वेज कर्मचारियों का टीए भी बकाया पड़ा हुआ है। हालात इतने खराब हैं कि अधिकारियों द्वारा सरकार के आदेशों की भी परवाह नहीं की जा रही है।

उन्होंने कहा कि दीपावली पर सरकार ने चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए प्रदेश भर में फेस्टिवल एडवांस की घोषणा की थी। लेकिन यमुनानगर में किसी भी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी को फेस्टिवल एडवांस नहीं दिया गया और सारा बजट वापस करवा दिया। वहीं, दो महीने पहले कर्मचारियों के लिए जूते और वर्दी का बजट आया था। मगर अभी तक कर्मचारियों को जूते व वर्दी के पैसे नहीं दिए गए हैं। पहले गत जुलाई की इंक्रीमेंट सभी कर्मचारियों की लेट लगाई गई थी। जो की अक्क्तूबर व नवंबर में लगाई गई।

- हरियाणा रोडवेज वर्क्स यूनियन डिपो यमुनानगर के सदस्यों की हुई बैठक

यमुनानगर में बस स्टैंड परिसर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

ये है मांगें

इस संबंध में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक से मिलकर विरोध जताया तो उन्होंने भविष्य में कोई भी कार्य देरी से नहीं होने का आश्वासन दिया था। मगर इसके बावजूद रोड़वेज कर्मचारियों का जनवरी माह का इंक्रीमेंट अभी तक नहीं लगाया गया है। वहीं, मेडिकल के बिल साल भर से पेंडिंग पड़े हैं। आलम तो यह है कि दूसरे डिपो से जो कर्मचारी बदल कर आए हैं उनका वेतन अभी तक नहीं दिया गया है। वहीं, अभी तक फरवरी माह का वेतन भी नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी समस्याओं को जल्द दूर नहीं किया गया तो वह प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर नितिन कांबोज, मनीष कांबोज,बृज भूषण, संजय कुमार, संजीव कुमार, पवन कुमार,मुकेश कुमार, विपिन कुमार व बलविंदर कुमार आदि कर्मचारी मौजूद थे।

कोर्ट में गवाही देने पर दी हत्या की धमकी

इसराना। पानीपत के गांव बुआना लाखू निवासी आजाद सिंह को उनके वाहन के पूर्व चालक पवन निवासी मुखीजा कालोनी, पानीपत ने हत्या की धमकी दी है। थाना इसराना पुलिस को दी शिकायत में आजाद की पत्नी माहिनी ने आरोप लगाया है कि पवन ने उनके वाहन के वर्तमान चालक गांव दीपक निवासी जौरासी जिला पानीपत के मोबाइल फोन पर कॉल कर धमकी दी है कि यदि आजाद ने कोर्ट में उनके खिलाफ धमकी दी तो कोर्ट परिसर में ही उसकी हत्या कर दी जाएगी।

स्मरणीय है कि आजाद पर जान लेवा हमने के आरोप में तीन अप्रैल 2022 को थाना इसराना में राजेश उर्फ राजू, सुरजीत उर्फ काला और इनके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज है और अब यह केस कोर्ट में विचाराधीन है। इस केस में कोर्ट 15 मार्च को सुनवाई करने जा रहा है। वहीं इसराना थाना पुलिस ने पवन पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महाशिवरात्रि को लेकर भोले के जयकारों से गूंजी धर्मनगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महाशिवरात्रि के लिए शिव भक्तों के हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने का सिलसिला जारी है। धर्मनगरी से रोजाना बड़ी संख्या में शिव भक्त गुजर रहे हैं। महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च को मनाया जाएगा। भगवान आशुतोष के जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में कांवड़िये हरिद्वार से गंगा जल लेकर आते हैं। जींद, कैथल, ढांड, पिहोवा आदि क्षेत्रों को जाने वाले कांवड़िये गंगा जल लेकर नगर से गुजर रहे हैं। शहर और हाईवे पर बोल बम, बम-बम और हर-हर महादेव के जयघोष की गूंज सुनाई दी रही है।

मंगलवार को भी बड़ी संख्या में शिव भक्तों का रैला कांवड़ लेकर शहर से गुजरा। उधर, महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिरों, देवालयों और शिवालयों में तैयारियों की जा रही है। मंगलवार को धर्मनगरी से काफी कांवड़िए गुजरने व उनके द्वारा लगाए गए बम भोले के उद्घोषों से वातावरण शिवमय हो गया।

- महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च को मनाया जाएगा

आज निकलेगी भोले की बारात

धर्मनगरी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 6 मार्च को उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर भोले की बरात निकाली जाएगी। इससे पहले मंगलवार को दुखभंजन महादेव मंदिर में हल्दी व मेहंदी लगाने की रस्म की गई। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य मनोज परूथी ने बताया कि 6 मार्च को मेरे भोले की बरात सुबह दुख भंजन महादेव मंदिर परिसर से रवाना होगी। इसके बाद बरात मीरी-पीरी चौक, आंबेडकर चौक, सीकरी चौक, पुराना बाजार, सब्जी मंडी, रोटरी चौक, पुराना बस अड्डा, सेक्टर-17, रेलवे रोड, न्यू कालोनी और अमीन रोड से होती हुई राजेंद्र नगर स्थित नंगली वाली कुटिया पहुंचेगी।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY

+पोजीट्रोन
सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल







हृदय रोग विभाग
मूत्र रोग विभाग
डायलिसिस

अब आयुष्मान भारत के पैनल पर मुफ्त ईलाज

आयुष्मान भारत, हरियाणा सरकार, ECHS पैनल व सभी TPA उपलब्ध है

SECTOR-35, SUNCITY, ROHTAK
85710-81699

खबर संक्षेप

कैंप में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

रादौर। भारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट बाबैन द्वारा मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में मंगलवार को निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप में डॉ. सतीश व उनकी टीम द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों का ब्लड, एचपी, बीपी, फीवर का चेकअप किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. दीपक कौशिक ने डॉ. सतीश व उनके सहयोगियों का धन्यवाद किया।

पत्नी के घर आकर पति ने की मारपीट

यमुनानगर। शहर के कैंप निवासी एक महिला ने अपने पति पर घर आकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसका पति अन्य महिला के साथ रहता है। जिस कारण आरोपी उससे तलाक लेने के लिए उसके साथ मारपीट करता है। पुलिस ने कैंप निवासी मधु कुकरेजा की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

हमें सच्चे मन से परमात्मा को याद करना चाहिए

तरावड़ी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तरावड़ी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राघव इंडस्ट्रीज के एमडी राकेश गर्ग मुख्य अतिथि रहे, जबकि मांउट आबू से आये राजयोग शिक्षक भाई दिनेश, नीलोखेड़ी से बी के संगीता दीदी बहन मुख्य वक्ता रही। मुख्य अतिथि राकेश गर्ग ने कहा कि जब तक हम परमात्मा को सच्चे मन व निस्वार्थ भाव से याद नहीं करते, तब तक हम उसकी ब्लेसिंग को अनुभव नहीं कर सकते हैं।

सौरभ सचदेवा नेशनल डायरेक्टर नियुक्त

करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए युवा समाजसेवी सौरभ सचदेवा को नैशनल डायरेक्टर नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने सौरभ सचदेवा को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।

विधायक घनश्याम ने कार्यकर्ताओं का किया मार्ग दर्शन, बोले

पोर्टल के माध्यम से लोगों को योजनाओं का मिल रहा लाभ

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शक्ति केंद्रों पर आयोजित बैठकों में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

यमुनानगर। गांव रामपुर माजरा शक्ति केंद्र पर आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। *फोटो: हरिभूमि*

भारतीय जनता पार्टी द्वारा यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के गांव रामपुर माजरा, फतेहपुर व बाढ़ी माजरा स्थित शक्ति केंद्रों पर कार्यकताओं की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में शक्ति केंद्र प्रमुख मौजूद रहे। जबकि मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके के लिए विभिन्न पोर्टल लांच किए हैं। जिनके माध्यम से लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वहीं, हर व्यक्ति के पोर्टलों के माध्यम से काम हो रहे हैं। उन्होंने मौके पर कार्यकर्ताओं के साथ उनके क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों पर चर्चा की। मौके पर लोगों की समस्याएं भी सुनी। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्तमान कार्यकाल देश के लिए स्वर्णिम है। हर क्षेत्र में देश आगे बढ़ रहा है। विश्व पटल पर देश का नाम रोशन हुआ है। आज दुनिया देश का लोहा मान रही है। यह सब मोदी व मनोहर राज में ही संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विभिन्न योजनाओं के लिए पोर्टल लॉच किए हैं। पोर्टल लांच होने से हर व्यक्ति के आसानी से कार्य हो रहे हैं। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकार जरूरतमंद कमजोर व्यक्ति तक पहुंच रही है व उसकी आमदनी बढ़ाने के लगातार महत्वपूर्ण सफल प्रयास कर रही है। जन सहायक मोबाइल ऐप के बेहतरीन नतीजे आ रहे हैं। केन्द्र सरकार की तर्ज पर हरियाणा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की है। जिनसे जुड़कर आम जनता को लाभ हो रहा है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी जनता के हितों के कार्य सक्रिय होकर करवाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरुक करने के लिए आहवान किया और पूरी मेहनत से चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार, जिला उपाध्यक्ष व बुड़िया मंडल प्रभारी सुरेंद्र शर्मा,मंडल महामंत्री गौरव, पूर्व पार्षद संजीव कुमार,मंडल महामंत्री मनोज धीमान व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

यमुनानगर। आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंट कर पुरस्कृत करते आयोजक।

बीएड के विद्यार्थियों को दिया शिक्षण प्रशिक्षण

- आदर्श विद्या मंदिर व रोज वुड पब्लिक स्कूल में (बीएड) के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के शिक्षा विभाग के बीएड विद्यार्थियों (भावी अध्यापकों) के लिए शहर के आदर्श विद्या मंदिर स्कूल व रोज वुड पब्लिक स्कूल में शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आदर्श विद्या मंदिर के प्राचार्य विवेक शर्मा ने शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने गुरु नानक खालसा कॉलेज की प्रबंध समिति के सदस्यों व कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग और स्टॉफ सदस्यों की उनके स्कूल में भावी अध्यापकों का शिक्षण प्रशिक्षण दिलाए जाने के लिए प्रशंसा की। कॉलेज के शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. जगत सिंह ने आदर्श विद्या मंदिर स्कूल और रोज वुड पब्लिक स्कूल के प्राचार्यों का धन्यवाद किया। इस शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के पर्यवेक्षक प्रो. राजू ने भावी अध्यापकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में ईमानदारी और शिक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। डॉ. कमल कुमार भारद्वाज ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिक्षा विभाग के सभी भावी अध्यापकों व बीएड के विद्यार्थियों का महत्पूर्ण योगदान रहा। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर, प्राचार्य डॉ. हरिंदर सिंह कंग व डीन डॉ. कमलप्रीत कौर ने शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन पर शिक्षा विभाग को बधाई दी। मौके पर प्रो. संगीता रानी, प्रो. रामकुमार, प्रो. कविता देवी, प्रो. पूजा रानी व लाइब्रेरियन रविता आदि मौजूद रहे।

चोरों ने घर व दुकान से चुराया हजारों का सामान

यमुनानगर। जिले में चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर घर व दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आमवाला रोड बिलासपुर निवासी मोहम्मद हुसैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। तीन मार्च को वह रात को खाना खाकर बच्चों के साथ एक कमरे में सो गया। दूसरे कमरे का उसने ताला लगा दिया। सुबह चार बजे जब वह जागा तो उसने देखा कि कमरे का लगा ताला टूटा पड़ा है। जांच करने पर कमरे से बैंटरा, साइकिल, तीन जोडी पाजेब, कोका, दो सोने के मंगलसूत्र, तीन हजार रुपये व मोबाइल गायब था। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

दुकान से औजार चोरी

गांव धर्मकोट निवासी प्रदीप कुमार ने बताया क उसकी बिलासपुर शिव चौंक के पास ट्रंक व पेटी की दुकान है। वह शाम को दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर आया तो दुकान के पीछे का ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर दुकान से इलेक्ट्रोनिक कांटा, लाइन औजार, तीन हथोड़े, तीन कैंचियां, लोहे की प्लेट व अन्य सामान गायब था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बर्बाद हुई फसल का मुआवजा मांगा

- भारतीय किसान संघ ने सरकार से की बारिश व तेज हवा चलने से बर्बाद हुई गेहूं की फसल का मुआवजा दिए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- संघ के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने की प्रेसवार्ता

यमुनानगर। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान।

भारतीय किसान संघ ने सरकार से हालहि में प्रदेश में तेज हवा के साथ हुई बारिश व ओलावृष्टि में खेतों में नीचे गिरकर बर्बाद हुई गेहूं की फसल का प्रति एकड़ 40 हजार रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग की है। मंगलवार को भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने शहर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गत दिनों प्रदेश में हुई बारिश व ओलावृष्टि से अधिकांश खेतों में गेहूं की फसल नीचे बिछकर बर्बाद हो गई है। संघ के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने कहा कि पहले ही किसानों को फसलों का लागत के अनुरूप मूल्य नहीं मिल रहा है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति खराब चल रही है। अब किसानों की मेहनत पर प्राकृति ने पानी फेर दिया है। ऐसे में सरकार किसानों को सौ प्रतिशत खराब हुई गेहूं की फसल का प्रति एकड़ 40 हजार रुपये, 80 प्रतिशत खराब हुई फसल का प्रति एकड़ 30 हजार और 50 प्रतिशत खराब हुई फसल का प्रति एकड़ 20 हजार रुपये व 20 से 30 प्रतिशत खराब हुई फसल का प्रति एकड़ 15 हजार रुपये का मुआवजा देकर किसानों की मदद करनी चाहिए। चौहान ने कहा कि अधिकांश खेतों में 80 से सौ प्रतिशत तक नुक्सान पहुंचा है। किसान इस नुकसान को सहन करने की स्थिति में नहीं हैं। इसलिए सरकार को तुरंत बर्बाद हुई गेहूं की फसल का सर्वे व गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा दिया जाना चाहिए।

प्राकृतिक खेती आमदनी बढ़ाने में मददगार

- कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्राकृतिक खेती पर चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन
- प्रशिक्षण कार्यक्रम में सैकड़ों किसानों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

कृषि विज्ञान केन्द्र दामला (यमुनानगर) के तत्वावधान में प्राकृतिक खेती की पैदावार करने के लिए चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में केंद्र के फैकल्टी एडवाइजर डॉ. एनके गोयल, वैज्ञानिक डॉ.अनिल कुमार व डॉ. किरण खोखर ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर मुख्य वक्ता डॉ. एनके गोयल ने बताया कि प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ अन्य फायदे देती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राकृतिक खेती को पुनयारेजी कृषि का एक रूप माना जाता है। इसमें भूमि का प्रबंध करने और वातावरण से कार्बन को मिट्टी और पौधों में अवशोषित की क्षमता है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के चार स्तम्भों (जीवामृत, बीजामृत, मल्विंग एवं प्राकृतिक पेस्टिसाइड) के बारे में जानकारी दी। बीजामृत प्रक्रिया में देशी गाय के गोबर, मूत्र और चूने पर आधारित योगों का उपयोग करके बीज का उपचार शामिल है। जीवामृत प्रक्रिया देशी गाय के गोबर, मूत्र, दालों के आटे और गुड़ के मिश्रण से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है।

यमुनानगर। कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को जानकारी देते हुए वैज्ञानिक। *फोटो: हरिभूमि*

प्राकृतिक खेती को अपनाए

को ऑर्डिनेटर एवं मृदा वैज्ञानिक डॉ. विशाल गोयल ने बताया कि वह प्रशिक्षित होने के बाद प्राकृतिक खेती को अवश्य अपनाएं। डॉ. अनिल द्वारा रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। वहीं, डॉ. किरण खोखर ने बताया की केवल रासायनिक उर्वरकों से अधिक समय तक मृदा स्वास्थ्य बनाकर नहीं रखा जा सकता है। जिसके लिए जैविक विकल्पों की आवश्यकता है। प्राकृतिक खेती को रासायनिक मुक्त और पशुधन आधारित खेती के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

श्रद्धा ने जीती सौ मीटर रेस प्रतियोगिता

- नेहरु युवा केंद्र यमुनागर द्वारा छछरौली में आयोजित की ब्लॉकस्तरीय खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

यमुनानगर। छछरौली में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देते हुए अतिथि।

नेहरू युवा केंद्र यमुनानगर के तत्वावधान में छछरौली में ब्लॉकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धा ने सौ मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने किया। जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता में आयोजित सौ मीटर दौड़ में श्रद्धा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, फुटबॉल प्रतियोगिता में छछरौली की टीम विजेता बनी। जबकि वालीबॉल प्रतियोगिता खालसा टीम ने जीती। इसी तरह हैंडबॉल प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

नैन्सी व भारती ने जीती मानक लेखन प्रतियोगिता

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में विज्ञान सप्ताह के अवसर पर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

डीएवी कॉलेज फॉर गर्ल्स के विज्ञान विभाग व बीआईएस चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत मानक लेखन समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मौके पर विज्ञान और गुणवत्ता का हमारे दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्रिंसिपल डॉ. मीनू जैन ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में बीआईएस के सहायक संचालक सौरभ चंद्रा ने भाग लिया। जबकि मंच संचालन कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. सुनीता कौशिक ने किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. मीनू जैन ने बताया कि मानक लेखन प्रतियोगिता में नैन्सी व भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, ईशिका व पलक ने द्वितीय और प्राची व शीतल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि पेपर पढ़ने की प्रतियोगित में ईशिका ने प्रथम, रुपाली ने द्वितीय व वाणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, ऑन द स्पॉट डिजिटल पोस्टर मेकिंग में खुशी ने प्रथम, आस्था ने द्वितीय व प्रेरणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह दीवार पेंटिंग में मलिका व फिरदोस ने प्रथम, आशिमा व अंशिका ने द्वितीय और भारती व नैन्सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

करियर विकल्पों के बारे में बताया

डॉ. योगिता ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में विज्ञान विषय के बारे में जागरूकता पैदा करना रहा। प्राध्यापिका संगीता गोयल ने बताया की दैनिक दिनचर्या में विज्ञान और गुणवत्ता का ज्ञान हमे बहुत सारी समस्याओं से बचा सकता है। मौके पर रसायन विभाग की अध्यापिका सुगंध ने बच्चों को ग्रेजुएशन के बाद करियर विकल्पों के बारे में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापिका शालिनी छाबड़ा, पारुल सिंह, कनिका गोयल, मनिका सेठी, रीता राजपूत, अनु शर्मा, चांदनी, प्रिंसी, प्रियंका विरदी व नवनीत कौर का योगदान रहा।

विद्यार्थियों को योजनाओं से करवाया अवगत

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करती मुख्यवक्ता।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रबंधन विभाग द्वारा मंगलवार को स्वरोजगार हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन एमएसएमई करनाल के सौजन्य से किया गया। मुख्य वक्ता मीनू धीमान, सह प्रबंधक एमएसएमई, करनाल द्वारा नवीन उद्योगों के लिए शुरू की गई। एमएसएमई की सभी स्कीम्स के बारे में छात्रों को जानकारी दी। अगले सत्र में अनिल कुमार ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। केंद्रीय विश्वविद्यालय के सीएसई विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने आधुनिक युग में प्रयोग होने वाली डिजिटल मार्केटिंग की प्रणाली से छात्रों को अवगत करवाया। उन्होंने मार्केटिंग के इस प्रारूप को व्यापार के हित में प्रयोग करने की तकनीकों को सबके सामने रखा।

तीनों मार्गों पर बनेंगे फुटपाथ, बैठने के लिए लगेंगे बेंच

7.19 करोड़ से चमकेंगे शहर के तीन मुख्य मार्ग

- निगम ने वर्कशॉप रोड के डिवाइडर की कराई ट्रीमिंग, गंदगी व पत्ते किए साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

यमुनानगर। शहर को सुंदर बनाने के लिए जगाधरी वर्कशॉप रोड पर ट्रीमिंग करते निगम कर्मी। *फोटो: हरिभूमि*

नगर निगम द्वारा दिव्य नगर योजना के तहत सात करोड़ 19 लाख की लागत से शहर के तीन मुख्य मार्गों का सुंदरीकरण किया जाएगा। नगर निगम द्वारा इस दिशा में गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। इनमें 2.25 करोड़ रुपये की लागत से जिमखाना क्लब रोड, 3.78 करोड़ रुपये से शहीद भगत सिंह चौक से महाराणा प्रताप चौक तक वर्कशॉप रोड व 81 लाख रुपये से मधु चौक से कन्हैया साहिब चौक तक गोबिंदपुरी रोड को सुंदर बनाया जाएगा। निगम की ओर से यहां डेकोरेटिव लाइट लगाई जाएंगी। पैदल राहगीरों के लिए फुटपाथ बनेंगे। नगर निगम द्वारा मंगलवार को जगाधरी वर्कशॉप रोड के डिवाइडर पर लगाए पौधों की ट्रीमिंग कराई गई और गंदगी व पत्तों को साफ किया गया।

पार्कों को सुंदर और बेहतर बनाया जा रहा

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि शहर को सुंदर, साफ व व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम द्वारा बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। पार्कों को सुंदर और बेहतर बनाया जा रहा है। निगम के अंतर्गत आने वाली शहर की सभी सड़कों को चकाचक किया गया है। जल्द ही शहर के जगाधरी वर्कशॉप रोड, जिमखाना क्लब रोड व गोविंदपुरी रोड का सुंदरीकरण किया जाएगा। इंजीनियरिंग ब्रांच द्वारा इसको लेकर कार्य कर रही है। नगर निगम द्वारा इन मार्गों के सुंदरीकरण को लेकर 7.19 करोड़ खर्च किए जाएंगे। तीनों मार्ग तिरंगा लाइट से जगमग हो चुके हैं। जल्द ही यहां पैदल राहगीरों के लिए फुटपाथ बनाए जाएंगे। राहगीरों के बैठने के लिए बेंच लगाए जाएंगे। डिवाइडर सुंदर बनाने के लिए यहां लगे पेड़, पौधों की ट्रीमिंग की जाएगी। हमारा शहर सुंदर बने, इसको लेकर शहरवासियों को भी निगम का सहयोग करें। खुले में गंदगी डालने की बजाय डस्टबिन में कूड़ा डाले। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाए। सभी संपत्ति धारक समय पर संपत्ति कर का भुगतान करें। सड़कों व निगम की जगह पर कब्जा न करें।

लखपति दीदी सम्मेलन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को पीएम आज करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- जिला और ब्लॉक स्तर पर लखपति दीदी कार्यक्रम को लेकर होंगे कार्यक्रम
- जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी जानकारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह मार्च को देश भर में लखपति दीदी कार्यक्रम को लेकर आयोजित सम्मेलन में स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को वर्चुअल रूप से संबोधित करेंगे। जिसके चलते खंड व जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल में लखपति दीदी सम्मेलन में शामिल होंगे। उक्त जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि यमुनानगर में जिला स्तरीय कार्यक्रम गुरु नानक गर्ल्स कालेज में आयोजित किया जाएगा। जबकि सभी ब्लाकों में खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा पूरे देश में स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना की शुरुआत की गई है। योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। समूह को खेती में काम आने वाली ड्रोन 80 प्रतिशत अनुदान पर दिया जा रहा है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने महिला सदस्यों को योजना के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया है।

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि बुधवार को करनाल में लखपति दीदी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साथ ही जिला व खंड स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों को देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री वर्चुअल रूप से संबोधित करेंगे।

खबर संक्षेप

केयू में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आगाज

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंचवर्षीय विधि संस्थान में इंटरा-संस्थान मूट कोर्ट प्रतियोगिता का मंगलवार को शुभारंभ हुआ जिसका उद्घाटन विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अमित लूदरी ने किया। इस प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबले दो दिन चलेंगे जिसके अंतिम चरण में इसकी जीतने वाली टीम के आधार पर रनर-अप टीम, बेस्ट स्पीकर एवं बेस्ट रिसर्चर निर्धारित किए जाएंगे।

पीएम मोदी के लिए पूरा देश एक परिवार: गणेश

लाडवा। भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि पीएम मोदी के लिए पूरा देश एक परिवार है। 140 करोड देश की जनता बिना किसी जाति धर्म के भेदभाव प्रधानमंत्री की नीतियों से लाभान्वित हो रही है और विश्वास जता रही है। मोदी ने 10 साल के कार्यकाल में देश की सनातन संस्कृति को संरक्षित नहीं किया बल्कि विरासत को मजबूत बनाने का कार्य भी किया। वे इलाके के गांव निवासरी में लोगों से रूबरू हुए।

शिव गौरा विवाह के लिए हुआ भोले का चंदन लेपन

लाडवा। लाडवा शहर की धार्मिक मंचीय संस्था श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा अन्य धार्मिक व सामजिक संस्थाओं के सहयोग से आयोजित की जा रही भोले की बारात के तत्वाधान में महादेव का चंदन लेपन किया गया। समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने बताया कि कि 7 मार्च को भोले की बारात के तत्वाधान में महादेव के चंदन लेपन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ऑनलाइन चेक होगा यूएमसी का स्टेटस

कुरुक्षेत्र। कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि ने पेपर लेस की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए अनफेयर मीन्स केस (यूएमसी) बनने पर परीक्षार्थी के पास पत्र भेजने के बजाय इससे सम्बंधित जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। 301 यूएमसी की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है। यूएमसी की सुनवाई से संबंधित जानकारी आनलाइन उपलब्ध करवाने के बाद अब कुवि परीक्षा शाखा की ओर से अलग से पत्र भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

मोदी सरकार का बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा व रोजगार पर विशेष फोकस: नायब

नारी सशक्तिकरण का संदेश देने को महिला मोर्चा ने निकाली स्कूटी यात्रा

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी तथा विधायक सुभाष सुधा ने स्कूटी यात्रा को हरी झंडी देकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। स्कूटी यात्रा में शामिल महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

भारतीय जना पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार ने बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा व रोजगार पर विशेष फोकस रखकर योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया। इस सरकार ने बेटियों को पूरी इज्जत और मान-सम्मान देने का काम किया है। इस देश की महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 33 फीसदी आरक्षण देने का काम किया है। इस आरक्षण के कारण आज महिलाएं, पंच-सरपंच, विधायक व सांसद के मुकाम तक पहुंच पाई है। प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी आज रेलवे रोड पर छटी पातशाही गुरुद्वारा के सामने भाजपा महिला मोर्चा की तरफ से निकाली गई स्कूटी यात्रा को हरी झंडी देने के उपरांत बोल रहे थे। इससे पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत भाजपा महिला मोर्चा की तरफ से निकाली गई स्कूटी यात्रा को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला की जिलाध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप, उपाध्यक्ष उमा सुधा, भाजपा नेता रविंद्र सांगवान, मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, मंडल अध्यक्ष रमेश सैनी, भाजपा नेत्री अनु माल्यान, रेणु खुंगर, केडीबी सदस्य डा. ऋषिपाल मथाना, भाजपा नेता सोहन रामगढ़ रोड आदि भी उपस्थित रहे। भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष उमा सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण महिलाओं की पहचान बनी है। प्रधानमंत्री ने पानीपत की धरा से पानीपत की धरा से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को शुरू किया। उस समय प्रदेश में एक नई क्रांति को जन्म दिया। अब महिलाओं को जागरूक करने के लिए नारी शक्ति वंदन जैसे कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से महिलाओं में नई चेतना, नई क्रांति पैदा होगी, जिससे समाज ओर मजबूत होगा।

भाजपा की मजबूती में महिलाओं का अहम योगदान

पिहोवा। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से कस्बे में नारी शक्ति स्कूटी वंदन यात्रा निकाली गई महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष परमजीत कश्यप के मार्गदर्शन एवं महिला मोर्चा की प्रधान गीता रिष्याण के नेतृत्व में निकाली गई। इस यात्रा को राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने विश्राम गृह से झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा की यात्रा का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण एवं जागरुकता का संदेश देना है। यात्रा में शामिल जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनाने में महिला शक्ति का बराबर का योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी हमेशा मान सम्मान देते हुए महिलाओं के लिए कई योजनाएं चलाई। जिससे वह आत्म निर्भर व स्वावलंबी बनने के साथ-साथ अपने पांवों पर खड़ी हुई। महिलाओं की जागरुकता के चलते लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। यात्रा की अध्यक्षा महिला मोर्चा प्रधान गीता रिष्याण ने की। कार्यक्रम में जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणी, नीलिमा चक्रपाणी, सरस्वती खेड़ा कॉलोनी की सरपंच ममता कश्यप, मंडल प्रधान राकेश पुरोहित, राजेंद्र बाखली, रामकिशन ढुआ, डॉ. अवनीत वड़ैच, परमजीत गुमथला, गुरमेहर विर्क, राजीव कश्यप, लवप्रीत खैहरा, अमरजीत औलख मांगना, सुखबीर कलसा, अजय कोरियोग्राफर, अमित सैनी, गोपी आदि मौजूद रहे।

भाकियू जींद जिला प्रधान को मिला जमीन कुर्की का आदेश

कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद किसानों को संबोधित करते भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट की प्रदेश स्तरीय बैठक जाट धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने की। बैठक में प्रदेश भर से पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि जींद की जिला प्रधान अनीता की जमीन की कुर्की के आदेश आए हैं। उसका हम कड़ा विरोध करते हैं। जमीन कुर्की बारे गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि यूनियन गतिविधियों में शामिल होने के चलते ये आदेश आया है। अनीता की जमीन की हम कुर्की नहीं होने देंगे। अनिता की जमीन कुर्की की हम नकल निकलवा रहे है, अभी निकली नही है। एफआईआर आ गई है, कोई सम्मन नही आया, सीधा आदेश आया है। इस पर गुरनाम सिंह ने कहा कि जिस जिला में वर्षा से फसल खराब हुई है, उस जिला के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर स्पेशल गिरदावरी कर 40 हजार प्रति एकड़ का मुआवजा दिया जाने की मांग करे। किसान आंदोलन बारे गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि एसकेएम ने 6 मार्च की दिल्ली कूच की कॉल है जिसमें पंजाब व हरियाणा के किसानों को छोड़कर दिल्ली जाने बारे कहा गया है। गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि 12 मार्च को आचार सहिंता लग जाएगी। इससे पहले कोर कमेटी की आपात बैठक बुलाई जाएगी, जो भी निर्णय होगा वह बता दिया जाएगा। हम चुनाव लड़े या किस पार्टी को वोट दे, इस बारे कोर कमेटी मीटिंग करके निर्णय लेगी। गुरनाम सिंह ने कहा कि अम्बाला के जो युवा किसान गिरफ्तार किए है उन्हें जल्द छोड़ना चाहिए। जींद में युवा किसान अक्षय नरवाल व 2 अन्य को गिरफ्तार किया हुआ है, यदि 7 मार्च से पहले उसे छोड़ा नही गया तो 7 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जींद के सामने प्रदर्शन करेंगे। गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि एक ओर आदेश हरियाणा को थोप दिया है कि यदि किसी किसान का ट्रांसफार्मर जल जाता है तो लगाने के लिए 20 प्रतिशत किसान को वहन करना पड़ेगा, हम इसका विरोध करते है और इस फैसले को वापिस लेने की मांग करते हैं।

समता पार्टी ने नरेश जोगी को कुरुक्षेत्र लोकसभा से घोषित किया उम्मीदवार

- हरियाणा में लोकसभा की 10 की 10 सीटों पर समता पार्टी चुनाव लडेगी: नरेश जोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

समता पार्टी हरियाणा ने हरियाणा प्रदेश में बजाया लोकसभा चुनाव लड़ने का बिगुल। प्रदेश में लोकसभा का चनाव लड़ने के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने स्तर पर तैयारी में लगी हुई है इसके चलते समता पार्टी ने फरीदाबाद में समता पार्टी का कमांड सेंटर का उद्घाटन कर दिया है। समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल ने कहा है कि समता पार्टी नई पार्टी नहीं है। उन्होंने बताया की सन-1996 में हरियाणा प्रदेश की विधानसभा में समता पार्टी के 24 विधायक थे ।हमने पहले भी दो प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाई थी परंतु अब हम हरियाणा में अकेले लोकसभा की 10 की 10 सीटों पर समता पार्टी के उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरेंगे। मंडल ने कहा कि समता पार्टी समानता का अधिकार दिलवाने के लिए प्रयासरत है लेकिन हरियाणा में समानता की जगह परिवारवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है।

अस्थमा रोग के प्रति किया जाएगा जागरूक

थानेसर। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के बाल रोग विभाग द्वारा अस्थमा के प्रभावी उपचार और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर हर बुधवार और शनिवार को आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान एवं अस्पताल के बाल रोग ओपीडी के कमरा नंबर 53 में लगेगा। दमा (अस्थमा) एक सामान्य मगर कष्टप्रद बीमारी है, जिसके समय पर उपचार मिलने से गंभीर समस्या से जीवन को बचाया जा सकता है विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अमित कटारिया ने बताया कि आयुर्वेद में वर्णित विभिन्न प्रकार के कर्मों व रसायन से सांस संबंधी बीमारी को ठीक करने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

भक्तों ने भोलेनाथ की हल्दी रस्म में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व 2024 की श्रृंखला मे प्राचीन श्रीशिव मंदिर से चलकर ध्वज भोलेनाथ के हल्दी की रस्म के लिए हुड्डा पार्ट 2 में श्रीरामचंद्र पार्क में पहुंचा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित महावीर शर्मा ने आयोजकों से पूजा अर्चना करवाई। अजय मोगा द्वारा ओम नमः शिवाय माला का जाप और गयागणपति वंदना की गई। मंच का संचालन मंदिर सभा के प्रधान जगमोहन मनचंदा द्वारा बाखूबी किया गया। हुड्डा पार्ट 2 के सभी शिव भक्तों ने फूल बरसा करके आई हुई संगत का स्वागत किया और भगवान शिव के सुंदर-सुंदर भजनों पर नाचते नजर आए। सचिन अरोड़ा,रिंकू रामनगर ने भगवान शिव की आरती भजनीक, गुलशन मयूर, गौरव ठुकराल, रविराज, विवेक माही, निखिल मेहंदीरत्ता, अवशीष शर्मा, वीना सचदेवा, अशोक चढ़ा, सागर कोहली, आशा रेवड़ी ने भगवान शिव के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किया जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया और आई हुई संगत मस्ती में झूम ने को विवस सो गई। इस मौके पर कृष्ण बेदी, गुलशन क्वात्रा, ढूंढ राज आनंद,बलदेव गाबा,विजय तुली, ईशु कमित सचदेवा,वीरेंदर ठुकराल ,संतोष कुकरेजा,,देवेंद्र सिंगल,सुरिंदर बजाज, सुधीर सूद, इंद्र बत्रा, रामकृष्ण हसीजा, राजेश चावला, राज सतीजा, संदीप नय्यर, सुरिंदर सुधा, ललित शर्मा, पंडित चिराग शर्मा, गौरव बेदी, राजेश जैन, सनी कोहली आदि भक्त मौजूद रहे।



लाडवा। चंडीगढ़ मुख्यमंत्री आवास कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का

संदीप गर्ग ने थामा भाजपा का दामन

लाडवा। मंगलवार को प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग ने चंडीगढ़ मुख्यमंत्री आवास कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अगुवाई में भाजपा का दामन थामा और भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है। जो सभी के हितों के लिए कार्य कर रही है। न्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिवार में मंगलवार को वह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अगुवाई में हरियाणा प्रदेश भी आज ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश में इतने बड़े-बड़े कार्य हुए हैं जिनकी बारे में बताना कठिन कार्य है। जैसे देश में से धारा 370 को हटाना, अयोध्या में श्री राम मंदिर को बनवाना सहित ऐसे अनेक ऐतिहासिक कार्य भाजपा के शासनकाल में हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह लाडवा हल्के के साथ-साथ पूरे कुरुक्षेत्र जिले व अन्य जिलों में भी भाजपा का प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और जो पार्टी ने उनपर विश्वास करके उनके पार्टी में शामिल किया है।

प्राथमिक विद्यालय को भेंट किए प्रिंटर व कुर्सियां

कुरुक्षेत्र। पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गांव नरकातारी को गोद ले प्राथमिक विद्यालय को उपहार स्वरुप अनेक आइटम भेंट की गई। पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्राथमिक विद्यालय नरकातारी को एक मल्टी फंक्शन कलर प्रिंटर, चार व्हाइट बोर्ड, चार मेज, छः कुर्सियां व डस्टबिन भेंट की गई। आरसेटी के डायरेक्टर राय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कुरुक्षेत्र ने कापोरेंट की सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने के लिए वर्ष 2023 में गांव नरकातारी को गोद लिया था। यह योजना बैंक द्वारा अंगीकृत गांवों को मॉडल गाँव बनाने के लिए शुरू की गई है।

नगर परिषद ने पकड़े 32 बेसहारा पशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगर परिषद द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे स्पेशल अभियान के तहत अभी तक 32 पशुओं को पकड़ा गया है, जिनमें से 17 नंदी और 15 गऊ शामिल हैं। इन बेसहारा पशुओं को पकडकर मथाना व बारना की गौशालाओं में भेजा रहा है जहां इनका अच्छे से ध्यान रखा जा रहा है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने कहा कि 1 मार्च से सडकों पर घुम रहे बेसहारा पशुओं का पकड़ने का अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने कहा कि इस दौरान शहर के पीपली गीता द्वार, सेक्टर-7, सेक्टर-5, सेक्टर-13, रेलवे रोड व परशुराम चैक सहित अन्य स्थानों से पशुओं को पकड़ा गया है।

पकड़ने के बाद इनकी प्रॉपर तरीके से पशुपालन विभाग की तरफ से टीकाकरण व रजिस्टर में इनकी रिकॉर्ड दर्ज किया जा रहा है। कई लोग अपने पशुओं को सडक पर खुला छोड़ देते हैं जिनसे हादसे होने का डर बना रहता है, इसलिए लोग अपने पशुओं को बाहर खुल में न छोड़े। ऐसे लोगों को चिन्हित करके उन पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ऐसी शिकायतें मिल रही है कि कई लोग पशु पकड़े जाने पर टीम के साथ गलत व्यवहार करते हैं जो कि पूरी तरह से गलत है। अब नप द्वारा ऐसे लोगों की पहचान करके उनपर कार्रवाई भी अमल में लाएगी। उन्होंने कहा कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

पिहोवा। गांव भेरियां में पहुंचे डा. जसविंद्र खैहरा। फोटो: हरिभूमि

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला हर वर्ग के हितैषी : खैहरा

पिहोवा। जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष व शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डा. जसविंद्र खैहरा ने कहा है कि जननायक जनता पार्टी बहुत कम समय में ही हर जन की पसंदिदा पार्टी बन गई है। पार्टी गठन के बाद प्रथम चुनाव में ही कार्यकताअरं की बदौलत पार्टी सत्ता में आई और प्रदेश में विकास कार्य हो रहे हैं। वे गांव भेरिया में पूर्व सरपंच पवन कुमार की भतीजी की शादी में शिरकत करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। यहां पहुंचने पर परिवारजनों ने डा. खैहरा का स्वागत किया। इसके उपरांत ग्रामीणों से बातचीत करते हुए डा. खैहरा ने कहा कि आज प्रदेश के उपमुख्यमँत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है। आज प्रदेश की जनता के मन में दुष्यंत चौटाला के प्रति अपार प्रेम झलक रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता लगातार प्रदेश में आमजन हितैषी नीतियों को लागू करवाने में जुटे हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तर्ज पर विकास हो रहे हैं। इस मौके पर सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्लोबल रविदासिया संगठन लोगों की समस्याओं के निदान के लिए कर रहा कार्य : केशव ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

चेयरमैन केशव ढांडा का बुक्के देकर स्वागत करते विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि।

रविदासिया समाज से संबंधित प्रतिनिधियों की एक बैठक पिपली में हुई जिसकी अध्यक्षता ग्लोबल रविदासिया वेल्फेयर ऑर्गेनाइजेशन भारत के प्रधान शेर सिंह अम्बाला ने की और मुख्यातिथि के तौर पर ऑर्गेनाइजेशन यूरोप के चेयरमैन केशव कुमार ढांडा ने शिरकत कर संबोधित किया। इस दौरान संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज की विचार धारा एवं शिक्षाओं के प्रचार प्रसार के लिए गठित इस सामाजिक संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। केशव ढांडा ने बताया कि ग्लोबल रविदासिया समाज के लोगों के लिए एक सामाजिक संगठन है जिसका गठन संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज जी के शब्द बेगमपुरा के कॉन्सेप्ट और उनकी विचारधारा पर गठित किया गया। सतगुरु रविदास जी ने विश्व के लोगों के कल्याण बात की है, यही ग्लोबल के संविधान में वर्णित किया गया है। गुरु रविदास जी द्वारा रचित अमृतबाणी के अनुसार लोक भलाई के कार्य किए जा रहे हैं और ग्लोबल की टीम द्वारा भारत के विभिन्न राज्यों से एक सशक्त टीम बनाई जा रही है।

महिलाएं हर क्षेत्र में कर रही बेहतर प्रदर्शन : राजेश अरोड़ा

विश्व महिला दिवस पर महिला उद्यमियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया व आरसेटी से ट्रेनिंग प्राप्त सफल महिला उद्यमियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। खेड़ी मारकंडा कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 35 महिलाओं सहित 41 लोगों ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक राय सिंह ने की। इस समारोह के मुख्य अतिथि राजेश कुमार अरोड़ा, सर्किल हैड, पंजाब नैशनल बैंक, कुरुक्षेत्र सर्किल रहे तथा समारोह का संचालन आरसेटी के फैकल्टी राजेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आरसेटी से ट्रेनिंग प्राप्त सफल महिला उधमियों को उपहार देकर सम्मानित किया। सफल महिला उधमियों ने उपस्थित नारी शक्ति को प्रेरित करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने आरसेटी, कुरुक्षेत्र से बेहतरीन फ्री प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार शुरू किया और एक सफल उधमी बन कर दिखाया और वो अब किसी पर निर्भर नहीं है व अच्छी आमदन के साथ बहुत खुशहाल जीवन व्यतीत कर रही हैं। संस्थान के निदेशक राय सिंह ने नारी शक्ति को संबोधित करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनितिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का सम्मान करने के उदेश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। मुख्य अतिथि राजेश कुमार अरोड़ा ने महिलाओं को प्रेरित करतें हुए कहा कि महिलाओं को जब-जब अवसर दिया गया, तब-तब उन्होंने पूरे विश्व को बता दिया कि वह पुरुष के बराबर ही नहीं, बल्कि कई मौकों पर वे उनसे बेहतर साबित हुई हैं। आज विश्व पटल पर महिलाएं नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। अब वह समय नहीं रहा जब महिलाएं घर की चार-दिवारी में बंद की जाती थी। अब महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। हरियाणा महिला विकास निगम, कुरुक्षेत्र से लेखा लिपिक मीना रानी ने महिलाओं के लिए निगम की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर ब्यूटी पार्लर की डोमेन स्किल ट्रेनर नीलम गुप्ता के साथ साथ स्टाफ सदस्य जागीर सिंह, मधु शर्मा व विक्रम शामिल रहे।

खबर संक्षेप

अभियान के तहत 3425 बच्चों को पिलाई दवा

नारायणगढ़। पल्स पोलियो अभियान के तहत यहां 3425 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई है। यह अभियान 5 मार्च तक आयोजित किया गया था। एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान नागरिक अस्पताल द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण किया गया है। इस अभियान के पहले दिन 3 मार्च को 1516 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई है।

लखपति दीदी महासम्मेलन का आयोजन आज होगा

अंबाला। उपायुक्त डॉ.शालीन ने बताया कि 6 मार्च को जिला स्तर पर व ब्लॉक स्तर पर लखपति दीदी योजना के तहत महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल वर्चुअल प्रक्रिया के माध्यम से अपना शुभ संदेश भी देंगे। होने वाले कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने जिला परिषद के सीईओ से कार्यक्रम की रूपरेखा बारे विस्तार से जानकारी हासिल की।

लंबित केस निपटाएं तहसीलदार: डीसी

अंबाला। उपायुक्त डॉ. शालीन ने मंगलवार को अपने कार्यालय में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ इंतकाल, जमा बंदिया, कोर्ट केस, स्टांप ड्यूटी, कास्ट सर्टिफिकेट, सीएम विंडो, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के साथ-साथ विभिन्न विभागों से संबंधित परियोजनाओं के बारे में भूमि चिन्हित विषय पर बैठक लेते हुए समीक्षा की। कोर्ट केसों की लंबित विषय पर एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे कोर्ट केसों के तहत 3 से लेकर 6 माह के अंदर निपटान करना सुनिश्चित करें।

ढैंचे के बीज पर मिलेगा अस्सी प्रतिशत अनुदान

अंबाला। हरियाणा सरकार द्वारा कृषि लागत कम करने व मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने के उद्देश्य से खरीफ मौसम में फसल विविधकरण कार्यक्रम के अंतर्गत ढैंचे का बीज 80 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। ग्रीष्म कालीन मूंग का बीज 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। ढैंचे की बिजाई करने के बाद कई तरह के लाभ मिलते हैं।

जागरुकता कार्यक्रम आयोजित होंगे

नारायणगढ़। अतिरिक्त सिविल जज (एसडी) एवं उपमण्डल सेवा समिति की चेयरपर्सन सुमित्रा कादियान ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सदस्य सचिव हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार नालसा के तहत जागरूकता कार्यक्रम उपमण्डल के विभिन्न गांवों और शहर के वार्डों में 5 मार्च से 31 मार्च 2024 तक आयोजित किए जाएंगे।

दो लेन से वाहनों की आवाजाही शुरु

21 दिन से बंद चंडीगढ़-दिल्ली नेशनल हाईवे खुला, राहगीरों को मिली राहत

चंडीगढ़ अप डाउन करने वालों की भी राह हुई आसान, आर्थिक संकट से गुजर रही कपड़ा कारोबारियों को भी पुराने दिन लौटने की उम्मीद

किसानों के ऐलान से बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

किसान आंदोलन की वजह से 21 दिनों से बंद पड़े चंडीगढ़-दिल्ली नेशनल हाइवे पर अब ट्रैफिक बहाल हो गया है। प्रशासन की ओर से हाईवे की दोनों साइड एक-एक लेन खोल दी है। मंगलवार को दोनों लेन से वाहन निकलने शुरू हो गए हैं। वाहन चालक अब दिल्ली से चंडीगढ़ व चंडीगढ़ से दिल्ली आ जा सकेंगे। उधर पुलिस ने किसानों के नए ऐलान को लेकर फिर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से बस स्टैंड व रेलवे स्टेशनों पर चौकसी बढ़ाने की बात कही जा रही है। किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए पुलिस हर संभव कार्रवाई की बात कह रही है।

हाइवे बंद होने से परेशान

किसानों के दिल्ली कूच की वजह से प्रशासन की ओर से सद्दोपुर के पास नेशनल हाइवे को भारी बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया था। पिछले 21 दिनों से इस हाइवे बंद होने के कारण रोज चंडीगढ़ जाने वाले लोगों को बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हाइवे बंद होने की वजह से दिल्ली से आने वाले लोगों को लंबा रास्ता तय करना था। जबकि चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले लोगों को भी इसी तरह की दिक्कतों आ रही थी। सबसे ज्यादा दक्किते रोज चंडीगढ़ अप डाउन करने वालों को थी। हाइवे बंद होने से कई लोगों को अपना कारोबार बंद करना पड़ा। कई लोगों की नौकरी तक चली गई। अब हाइवे खुलने से इन लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। अब लोग सीधे चंडीगढ़ से आ जा सकेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने 3 को बठिंडा में युवा किसान शुभकरण सिंह की अंतिम अरदास में किसानों को दल्लिी कूच करने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि शंभू व खनौरी बॉर्डर पर किसान डटे रहेंगे। जबकि देश के दूसरे राज्यों से किसान बस व ट्रेनों के जरिए दल्लिी पहुंचेंगे। 10 मार्च को दोपहर 12 से 4 बजे तक पूरे देश में ट्रेनें रोकी जाएंगी। किसानों के इस ऐलान के बाद अब पुलिस अलर्ट पर है। इसी वजह से रेलवे स्टेशनों के साथ बस अड्डों पर नजर रखी जा रही है। इन जगहों पर ही किसान जत्थेबंदियों को दल्लिी से जाने की योजना है। दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा भी ने 14 मार्च को दल्लिी के रामलीला मैदान में होने वाली महापंचायत में किसानों को भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। इसे किसान-मजदूर महापंचायत नाम दिया है। इसमें देशभर से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली को छोड़ बसों, ट्रेनों व अन्य वाहनों से जाएंगे।

कपड़ा कारोबारियों को भारी नुकसान

अंबाला शहर स्थित होलसेल कपड़ा मार्केट किसान आंदोलन की वजह से सबसे ज्यादा संकट से गुजर रही है। मार्केट के ज्यादातर दुकानदार आंदोलन की वजह से भारी आर्थिक नुकसान होने की बात कह रहे हैं। दरअसल मार्केट में सबसे ज्यादा खरीदारी करने के लिए चंडीगढ़ व पंजाब से आते हैं। मगर हाइवे बंद होने से पिछले 22 दिनों से कोई व्यक्ति यहां खरीदारी के लिए नहीं आ पा रहा था। अब चंडीगढ़ हाइवे खुलने से दुकानदारों को राहत मिलने की उम्मीद है। मगर दुकानदारों को सबसे ज्यादा उम्मीद शंभू बॉर्डर खुलने की है। दुकानदारों का कहना है कि सबसे ज्यादा ग्राहक पंजाब से आता है। मगर शंभू बॉर्डर बंद होने से अब पंजाब का ग्राहक पूरी तरह बंद है। उन्होंने संभावना जताई है कि जल्द ही शंभू बॉर्डर भी खुल जाएगा ताकि उनका कारोबार फिर से पटरी पर आ सके।

अंबाला। विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक असीम गोयल व अन्य।

तीन गांव में बनेंगी लाखों की लागत से इंटरलोकिंग सड़कें

■ प्रदेश में एक सामान रुप से घूम रहा विकास का पहिया: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल मार्गदर्शन में शहरों की भांति गांवों में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। गांवों को भी सुंदर और विकसित बनाने का काम किया जा रहा है। विकास का यह पहिया निरंतरता से घूम रहा है। विधायक मंगलवार को शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत गांव सौंटी, जैतपुरा, पंजौला में विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन उपरान्त उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। सभी गांव में पहुंचने पर विधायक का ग्रामीणों ने फुल-माला पहनाकर भव्य अभिन्दन किया। विधायक ने ग्रामीणों को इन विकास कार्यों की सौगात देते कहा कि शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की निरंतरता में बयार बह रही है। विधायक ने गांव सौंटी में 14.75 लाख से विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत इंटरलॉकिंग गली, अनुसूचित जाति व सामान्य जाति श्मशान घाट में शैड, इंटरलॉकिंग टाइल व चारदीवारी के निर्माण कार्य का, इसी गांव में 16.50 लाख रूपए की लागत से अनुसूचित जाति चौपाल, लाईब्रेरी व हॉल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी प्रकार गांव जैतपुरा में 26.50 लाख से इंटरलॉकिंग गलियां व डिस्पेंसरी के निर्माण कार्य का, इसी गांव में शमशान घाट में शैड व इंटरलॉकिंग टाईलों गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

हिट एंड रन के खिलाफ जताया विरोध

■ लोकसभा चुनाव में भाजपा को सिखाएंगे सबक: चालक

हरिभूमि न्यूज.नारायणगढ़

हिट एंड रन केस को लेकर चालक बेहद नाराज हैं। इसी वजह से इन चालकों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी चेतावनी दी है। भारतीय न्याय संहिता में कड़ी सजा व जुर्माने के कानून को संसद में वापस नहीं लेने पर चालक व वाहन मालिकों में सरकार के खिलाफ गुस्सा बढ़ गया है। सरकार के कानून वापसी के झूठे प्रचार का सीटू ने पर्दाफाश किया है। संसद में बने कानूनों को वापस लेने का अधिकार संसद के पास है। इसके साथ ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के आह्वान पर इंडिया गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक पार्टियों को ज्ञापन देने का एलान भी किया गया है। मंगलवार को सीआईटीयू से संबंद्ध दि ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन (1853) की जिला कमेटी बैठक कम्यूनिटी हाल में प्रधान रफी मोहम्मद की अध्यक्षता में हुई। इसमें मनीर, सदीक मोहम्मद, धर्मवीर, रमजान, नाजिम, हरपाल सिंह, इमरान व नमन शामिल हुए। सीटू नेता सतीश सेठी ने कानून को वापस लेने के सरकार के झूठे प्रचार की सिलसिलेवार जानकारी देते कहा कि संसद में भारतीय दंड संहिता की जगह बनी भारतीय न्याय संहिताओं को गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर एक जुलाई 2024 से लागू कर दिया है। सरकार ने 2 जनवरी को सभी पक्षों से बात कर कानून में संशोधन करने का वायदा किया था।

ज्ञापन सौंपकर वायदा याद दिलाया

सेठी ने कहा कि दो महीने बीत गए केंद्र की मोदी सरकार ने ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की फेडरेशनों से कोई बात तक नहीं की है। जबकि यूनियन ने केंद्रीय गृह मंत्री व महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर सरकार को उसका वायदा भी याद दिलवाया था। इससे सरकार की मंशा का साफ पता चलता है। इसलिए नोटिफिकेशन में 106 (2) पर फिलहाल लगाई गई रोक चालकों को गुमराह करने की एक सोची समझी साजिश है ताकि ड्राइवर्स लोकसभा चुनावों में भाजपा का विरोध न कर सके। इन काले कानून को वापिस लिए जाने एवं अन्य मांगों को लागू करवाने के लिए विपक्षी पार्टियों के गठबंधन इंडिया में शामिल सभी दलों को चालकों की मांगों का ज्ञापन देने का फैसला लिया गया है। आरटीसी को मजबूत ओर विकसित कर इलेक्ट्रिक बसों की खरीद, रखरखाव व संचालन के लिए वित्तीय सहायता देने की मांग भी करेंगे।

नोटिफिकेशन में 106 (2) पर फिलहाल लगाई गई रोक चालकों को गुमराह करने की एक सोची समझी साजिश

चौधरी दलबीर ने सामाजिक बुराइओं के विरोध व सुधार में किया जीवन अर्पित

■ पूर्व मंत्री केंद्रीय की जयंती पर कुष्ठ आश्रम में किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी दलबीर सिंह को पुष्पांजलि देते

पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी दलबीर सिंह जयंती पर मंगलवार को सुबह कुष्ठ आश्रम में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कुष्ठ आश्रम में फल आदि का भी वितरण किया गया। इस सभा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन विशेषतौर पर मौजूद रहे। उन्होंने चौधरी दलबीर सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की चौधरी ने जात-पात व अमीर गरीब के नाम पर काफी कुछ सहन किया था इसलिए उन्होंने भारतीय समाज की बुराइयों का विरोध करने और उसमें सुधार करने के लिए अपना जीवन समर्पित करने का निश्चय किया।

जैन ने कहा कि चौधरी दलबीर सिंह सच्चे राष्ट्रीय नेता थे। समाज के सभी वर्गों का भला करने का उनमें जज्बा था। उन्होंने अपना जीवन साधारण तरीके से व्यतीत करते हुए हर गरीब व जरूरतमंद कि मदद की। यहां तक की चौधरी दलबीर सिंह ने अपने समय में सरकार के माध्यम से पिछड़ा वर्ग, दलित, गरीब व आम जनता के हित में अनेकों योजना लागू करवा कर हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया। पंडित जवाहर लाल नेहरु ने उनको टोहाना से कांग्रेस पार्टी का टिकट आबंटित कर दिया जहां से दलबीर सिंह चुनाव जीते है।

भगवान शिव को लगाया 56 भोग, 9 क्विंटल फल चढ़ाए गए, चांदी का मुकुट भी पहनाया

अंबाला। अंबाला शहर स्थित श्री शिव मंदिर पीपल वाला सेवा मंडल की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंगलवार को भगवान शिव को बटना लगाया गया व छप्पन भोग अर्पित किए गए। 9 क्विंटल फल, 31 किलो ड्राई फ्रूट, मिठाई, जूस, बस्किुट इत्यादि से भगवान का श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भगवान को चांदी का मुकुट भी चढ़ाया गया। महिलाओं को मेहंदी लगाकर मेंहदी की रस्म का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सुरद्दिं मलहोत्रा, सुरद्दिं भंडारा, अशोक माकन, विनोद किशोर, मुकेश कपूर, प्रमोद मलहोत्रा, रमेश अग्रवाल, ओंकार मलहोत्रा, त्रिमोहन शर्मा व अंशुल गुप्ता, राजकुमार पुरी, बादल, सुरेंद्र घई तथा महिलाओं में आरती, प्रिया, संगीता मलहोत्रा, ज्योति, सोनिया, नीलम चोपडा, बबीता, चांदनी, कमल, रूबी, जॉनी, अनीता, नीलम, मदान मैडम ने मेंहदी की रस्म अदा की।

अवतरित हो चुके निराकार परमात्मा शिव आत्माओं के कल्याण का कर रहे हैं कार्य

अंबाला। ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र जग्गी कॉलोनी में मंगलवार को 88वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने शिव शब्द को कल्याणकारी बताते हुए कहा कि निराकार परमात्मा शिव इस समय धरा पर अवतरित होकर आत्माओं के कल्याण का सुन्दर कार्य कर रहें। इससे पहले बीके मीरा बहन ने अतिथियों का गुलदस्तों से स्वागत किया। बीके वीनू बहन और बीके रश्मी बहन ने तिलक लगाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप मुंबई से बीके डॉ. सचिन परब पधारे थे। ये एक मशहूर कॉर्पोरेट ट्रेनर, मेडिकल एडवाइजर और लाइफ कोच हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन मे हेलिंग थ्रू राजयोग मेडिटेशन विषय पर गहराई से प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से एक मुठी बंद और खोलने की क्रिया द्वारा जीवन मे पकड़ी हुई अनेक पुरानी बातों को छोड़ने की ओर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इसी कारण हर व्यक्ति का मन चिंता और थकावट से ग्रस्त है। उन्होंने कहा ख्बातों को पकड़ के रखना ही सभी मानसिक और फिर उससे जनित शारीरिक बीमारियों का कारण बनता है।

आज महिलाएं तेज गति और सतत राष्ट्रीय विकास में समान भागीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन किया गया। भाजपा की जिला उपाध्यक्ष सुमन सैनी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीता खेड़ा के साथ काफी संख्या में महिलाओं एवं कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। यह मैराथन राजकीय महाविद्यालय से शुरू होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर संपन्न हुई। सुमन सैनी ने कहा की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन यात्रा का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं बनाकर उन्हें लागू किया गया है। आज महिलाएं तेज गति और सतत राष्ट्रीय विकास में समान भागीदार हैं। उन्होंने कहा की महिला सशक्तिकरण और राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागेदारी बढाने के लिए सरकार द्वारा उठाया गया सबसे बड़ा कदम लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 लागू किया गया है। इस अवसर पर नगरपालिका प्रधान रिंकी वालिया, नगरपालिका उपप्रधान आईना गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नीता खेड़ा, जिला सचिव जगदीप कौर, प्रीतपाल कौर मक्कड़, मुनीषा, अनीता चौधरी, मंजू कौशिक आदि मौजूद रही।

सुविधा करोड़ों से कंकरीट सीमेंट की नई बनेंगी आउटर लार्ज रोड, चालकों को आने-जाने में सुविधा होगी: विज

सदर क्षेत्र के अहाते व गलियों में ओपन नालियां होंगी अंडरग्राउंड व स्ट्रॉम वॉटर पाइपलाइन डाली जाएगी

गुडगुड़िया नाले पर विजय रतन चौक, कबाड़ी बाजार और 12 क्रास रोड पर नई बनेगी पुलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी सदर क्षेत्र में विभिन्न अहातों व गलियों में ओपन नालियों को अंडर ग्राउंड करने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से 18 किलोमीटर लंबी स्टॉम वॉटर ड्रेनेज पाइप लाइन डाली जाएगी। गृह मंत्री अनिल विज के अथक प्रयासों से अंबाला छावनी में 23.26 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। विज ने बताया इन विकास कार्यों के तहत 13.47 करोड़ रुपए की लागत से स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज पाइपलाइन सदर क्षेत्र के विभिन्न अहातों व गलियों में डाली जाएगी। यह पाइपलाइन डलने से अहातों व गली-मोहल्लों में गंदगी से निजात मिलेगी। इससे पहले सदर क्षेत्र के मुख्य नालों में स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन डाली जा चुकी है जिससे पानी निकासी बेहतर हुई है, साथ ही गंदगी से निजात मिली है। उन्होंने बताया इसी कार्य में 12 क्रॉस रोड पर मुढा मंडी से गुडगुडिया नाले तक डेढ़ किमी. लंबा नया आरसीसी नाला भी बनाया जाएगा जिससे पानी निकासी पहले से बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि अनिल विज ने बताया कि स्टॉम वॉटर पाइप लाइन पंजाबी मोहल्ले में येस बैंक से लेकर एमके दत्ता अस्पताल तक, बंगाली मोहल्ला में जीरो क्रॉस रोड से क्रॉस रोड नंबर एक तक डाली जाएगी। इसी तरह आनंद निवास अहाता, कोरी मंडी अहाता, बैंक ऑफ बड़ौदा के निकट अहाता, नंदी देवी धर्मशाला, चौथाई अहाता, कच्चा बाजार के निकट प्याऊ, पुरूषोत्तम ज्वैलर्स के निकट सराफा बाजार गली, सन्नी डेयरी के निकट अहाता, कच्चा बाजार में कसाईया अहाता, सरकारी डिपो के निकट अहाता, 12 क्रास रोड के निकट गली, सेंट्रल नाला पर गली नंबर एक, दो, तीन, चार, पांच व अन्य में गलियां, निकलसन रोड पर दुआ टी सेंटर के निकट गली, निकलसन रोड पर पिज्जा विला के निकट गली, निकलसन रोड पर शर्मा भोजनालय के निकट गली, केदारनाथ अहाता, निकलसन रोड पर हेल्थ कार्ट, प्रिंस चार्ट भंडार व रिपब्लिक शोरूम गली, आउटर लार्ज रोड पर धर्म सिंह अहाता, कच्चा बाजार में अन्नपूर्णा टेंट हाउस गली, आऊटर लार्ज रोड पर गली नंबर एक, दो व तीन नंबर गलियां, कच्चा बाजार में क्रास रोड 12 व 11 पर गलियां, क्रास रोड नंबर छह, सात, आठ, 10 व 11 पर गलियां, हरगोलाल फैक्टरी के निकट गलियां, जयराम मंडी अहाता, बंगाली मोहल्ले के निकट विभिन्न गलियां, नाइयों वाली गली नंबर एक व दो, सदर थाने के निकट पुलिस क्वार्टर, चूना चौक पर राधा कृष्ण मंदिर, राम बाजार गली, गुरमीत हलवाई के निकट अहाता, ग्वाल मंडी में साई अस्पताल के निकट अहाता, मोची मंडी अहाता, पल्लेदार मोहल्ले के निकट गलियां, गुड बाजार व पंसारी बाजार में स्टॉम वॉटर पाइप लाइन डाली जाएगी।

3.69 करोड़ की लागत से सीमेंट कंकरीट का नया बनाया जाएगा रोड

सदर क्षेत्र में आउटर लार्ज रोड को 3.69 करोड़ रुपए की लागत से सीमेंट कंकरीट (सीसी) का नया बनाया जाएगा। जीरो क्रास रोड से 12 क्रॉस रोड पॉवर हाउस तक नई रोड बनेगी जिससे वाहन चालकों को आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। विजय रतन चौक और कबाड़ी बाजार में गुडगुडिया नाले पर 2.99 करोड़ रुपए की लागत से दशकों पुरानी बनी पुलिया को तोड़ नया बनाया जाएगा। नालों पर पुलिया की ऊंचाई भी बढ़ाई जाएगी ताकि नीचे नाले में बेहतर तरीक से साफ-सफाई हो सके। इसी प्रकार 3.11 करोड़ रुपए की लागत से 12 क्रास रोड पर यादव धर्मशाला के निकट गुडगुडिया नाले पर भी नया पुल बनाया जाएगा। इससे वाहन चालकों को यहां से आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी।